आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 08.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, ने संबंधित हितधारकों के साथ कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संबंध में जारी परामर्श की समीक्षा की।
- जिला योजना समिति की बैठक में कल पहले दिन विभिन्न विभागों की तीन वर्षीय कार्य योजना और अनुपूरक कार्य योजना पर विचार–विमर्श किया गया।
- सरदार @150 एकता मार्च अभियान के अवसर पर मुख्य सचिव ने कहा–इस अभियान में द्वीपों के हर कोने से युवाओं को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।
- कला एवं संस्कृति विभाग द्वीपसमूह की लोक या जनजातीय कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिष्ठित कलाकारों से आवेदन मांगे हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, ने कल स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा बाल रोगियों में कफ सिरप के तर्कसंगत उपयोग के संबंध में जारी परामर्श की समीक्षा करने के लिए सभी संबंधित हितधारकों के साथ एक बैठक बुलाई। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, औषधि नियंत्रण प्रशासन, चिकित्सा अधिकारी, फार्मासिस्ट, निजी क्लीनिक और निजी केमिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सरकारी और निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ–साथ खुदरा दवा विक्रेताओं में कफ सिरप की वर्तमान उपलब्धता और वितरण का आंकलन करने के लिए एक विस्तृत समीक्षा की गई। कफ सिरप की बिक्री और उपयोग राष्ट्रीय स्वास्थ्य सलाह का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण दल तैनात किए जाएंगे। जिला उपायुक्त ने सभी हितधारकों को बिना डॉक्टर के वैध पर्चे के कफ सिरप न देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा, बच्चों में कफ सिरप के इस्तेमाल के बारे में जनता को शिक्षित करने के लिए सामुदायिक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिले की जिला योजना समिति की तीन दिवसीय बैठक कल जिला योजना समिति के अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी की अध्यक्षता में दक्षिण अंडमान जिला परिषद के सम्मेलन कक्ष में शुरू हुई।

बैठक में दक्षिण अंडमान जिले के संबंध में तीन वर्षीय कार्य योजना 2026–29 और अनुपूरक कार्य योजना 2025–26 पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजहरुद्दीन जहीरुद्दीन काजी, सांसद, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष, योजना व वित्त और क्षेत्रीय विकास, पंचायती राज संस्थाओं के सचिवों, जिला योजना समिति के सभी सदस्यों और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जिला प्रशासन, कृषि, ग्रामीण विकास, जहाजरानी, बंदरगाह प्रबंधन बोर्ड और उद्योग जैसे विभागों की तीन वर्षीय कार्य योजना और अनुपूरक कार्य योजना के मसौदे पर विस्तृत चर्चा की गई।

<><><><><><><>

कृषि विभाग ने सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के सहयोग से हाल ही में गोलघर स्थित कृषि सहायक निदेशक के सम्मेलन कक्ष में हाइब्रिड मोड में 'पैक्स और उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज अधिनियम एवं डीलरशिप के लिए पीएम किसान समृद्धि केंद्र पर केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में कृषि सचिव पल्लवी सरकार ने कहा कि पीएम–के एस के सरकार की एक परिवर्तनकारी पहल है, जिसका उद्देश्य खुदरा उर्वरक दुकानों को किसानों के लिए वन–स्टॉप सेवा केंद्रों में परिवर्तित करना है। कृषि निदेशक प्रियंका कुमारी ने सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभिविन्यास कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। तकनीकी सत्र में विभिन्न कृषि इनपुट के लिए नियामक ढाँचे और लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई।

<><><><><><><>

सरदार वल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार @150 एकता मार्च अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में कल सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने कहा कि एकता मार्च एक ऐतिहासिक अभियान है जो 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'विकसित भारत' के विजन को आगे बढ़ाता है जिसका उद्देश्य अधिकतम संख्या में स्कूली और कॉलेज के छात्रों और युवाओं को शामिल करना है।" मुख्य सचिव ने बताया कि युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा कल शुरू किया गया और दो महीने का राष्ट्रीय अभियान 6 दिसंबर को समाप्त होगा। मुख्य सचिव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि पदयात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएँ और जागरूकता अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से द्वीप समूह के हर कोने से छात्रों, युवाओं और स्वयंसेवकों को शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिया कि तीनों जिलों, में एकता मार्च के कार्यान्वयन की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी की जाएगी। मुख्य सचिव ने शिक्षा, खेल और युवा मामलों के विभागों के बीच समन्वय के साथ–साथ श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, पंचायती राज संस्थाओं और जनजातीय परिषदों के सहयोग का भी आह्वान किया। इस अवसर पर शिक्षा आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव, शिक्षा सचिव एल. कुमार, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह और माई भारत के जिला युवा अधिकारी भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में, शिक्षा आयुक्त–सह–सचिव ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माई भारत के साथ मिलकर देश भर में विभिन्न स्तरों पर सरदार **@** 150 एकता मार्च अभियान का आयोजन कर रहा है। इस अभियान के एक भाग के रूप में युवाओं से राष्ट्रीय सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और सरदार**@**150 युवा नेता कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया गया है। सभी पंजीकरण, प्रतियोगिताएँ और डिजिटल गतिविधियाँ माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएँगी। उन्होंने कहा कि अभियान का दूसरा चरण अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा, जिसके दौरान तीनों जिलों में 8 से 10 किलोमीटर की जिला स्तरीय पदयात्राएँ आयोजित की जाएँगी।

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग द्वीपसमूह की लोक या जनजातीय कला के क्षेत्र में रुचि रखने वाले प्रतिष्ठित कलाकारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह आवेदन सरकार के संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, तंजावुर की कार्यक्रम समिति के सदस्य के रूप में एक कलाकार के नामांकन के लिए है। इच्छुक कलाकार 20 अक्टूबर तक कला एवं संस्कृति निदेशक के पास सीधे या विभाग के मेल पर अपनी उपलब्धियों के विवरण के साथ अपना बायोडाटा जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी–एनटीए ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट दिसंबर–2025 के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू कर दी है। आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से इच्छुक उम्मीदवार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। यूजीसी की अधिसूचना के अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया सात नवंबर तक खुली रहेगी।

सुधार विंडो दस नवंबर को खुलेगी और 12 नवंबर को बंद हो जाएगी। पात्र उम्मीदवारों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप प्रदान करने और सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने तथा 85 विषयों में पीएचडी में भर्ती करने के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा अनुसंधान एवं संचार केंद्र के सहयोग से सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रौद्योगिकी निदेशालय एक खगोल गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र 18 से 20 अक्तूबर तक टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में और 21 से 23 अक्तूबर तक मायाबंदर में सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किए जाएँगे। इच्छुक व्यक्ति अपने नाम तकनीकी प्रबंधक के पास दर्ज करा सकते हैं।

<><><><><><><>